www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



# डेली करेंट अफ़ेयर्स

**24 मई 2024**

# यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक- 2024

- हाल ही में विश्व आर्थिक मंच के यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI), 2024 की रैंकिंग जारी की गई है।

## मुख्य बातें:-

- **वैश्विक रैंकिंग:** वर्ष 2024 के TTDI में शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं में संयुक्त राज्य अमेरिका, स्पेन, जापान, फ्राँस, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।
- वर्ष 2019 के स्तर से 20% अधिक पर्यटक आगमन के साथ पश्चिम एशिया अन्य क्षेत्रों से आगे निकल गया, जबकि यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका अपने महामारी-पूर्व स्तर के लगभग 90% तक वापस आ गए हैं।
- विश्व आर्थिक मंच के यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI), 2024 रैंकिंग में भारत वर्ष 2019 की तुलना में दस स्थान गिरकर 39वें स्थान पर आ गया।
- **भारत का स्कोर उभरते बाजार प्रतिस्पर्द्धियों से नीचे चला गया:** 1 से 7 के समग्र सूचकांक पैमाने पर भारत का स्कोर 4.25 है, जहाँ 1 सबसे खराब है और 7 सबसे अच्छा है - जो चीन और ब्राजील सहित उभरते बाजार के सहयोगियों की तुलना में कम था।

## यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक;-

- यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक उन कारकों और नीतियों के सेट का मापन करता है, जो यात्रा एवं पर्यटन का सतत व लचीला विकास सुनिश्चित करते हैं।
- यह यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक सूचकांक का दूसरा संस्करण है। इस सूचकांक का विकास यात्रा और पर्यटन प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक (TTCI) श्रृंखला से हुआ है।
- TTCI वस्तुत: विश्व आर्थिक मंच का प्रमुख सूचकांक है। इसे पहली बार 2007 में जारी किया गया था।
- 2021 में इस सूचकांक में भारत की रैंक 54 थी (पुराने मानक के आधार पर), जो 2024 में सुधरकर 39 हो गई है।



## आर 21/मैट्रिक्स-एम

- मलेरिया की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और उन्हीं प्रयासों के तहत R-21 वैक्सीन्स को अफ्रीका भेजा जा रहा है।
- मलेरिया की रोकथाम के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की तरफ से आर-21/मैट्रिक्स-एम मलेरिया वैक्सीन (R-21 Matriñ) की पहली खेप अफ्रीकी देशों में भेज दी गयी है।
- यह वैक्सीन अफ्रीका भेजी गयी है क्योंकि वहां मलेरिया का असर अधिक दिखायी दे रहा है।

### R-21-Matrix-M;-

- इसे ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और SII ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।
- यह वैक्सीन नोवावैक्स की एडजुवेंट टेक्नोलॉजी का उपयोग करके तैयार की गई है।
- एडजुवेंट कुछ वैक्सीन में इस्तेमाल किया जाने वाला एक घटक है, जो मजबूत प्रतिरक्षा को सक्रिय करता है।
- यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) से मंजूरी प्राप्त दूसरी मलेरिया वैक्सीन है। ऐसी पहली वैक्सीन "RTS,S/AS01" को 2023 में मंजूरी दी गई थी।




- यह वैक्सीन पी. फाल्सीपेरम के खिलाफ अधिक प्रभावी है। गौरतलब है कि पी. फाल्सीपेरम सबसे घातक मलेरिया परजीवी है और अफ्रीका महाद्वीप में इसके सबसे अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं।

### मलेरिया;-

- मलेरिया एक घातक बीमारी है।
- यह बीमारी प्लाज्मोडियम जीनस के एकल-कोशिका वाले परजीवी के कारण होती है।
- इंसानों में इसका संक्रमण कुछ प्रकार के मच्छरों के काटने से फैलता है।

# अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

- स्पेन अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का 99वां सदस्य बन गया है।
- डिपॉजिटरी के प्रमुख, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह के साथ स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिदाओ डोमिंग्वेज की बैठक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन अनुसमर्थन दस्तावेज सौंप दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधनः-

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन एक अंतर-सरकारी संगठन और सहयोगात्मक मंच है जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ाना है।
- इसकी स्थापना पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में भारत के प्रधान मंत्री (नरेन्द्र मोदी) और फ्रांस के राष्ट्रपति (फ्रांस्वा ओलांद) द्वारा की गई थी।
- इसके लक्ष्यों में ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और सदस्य देशों में ऊर्जा परिवर्तन को गति देना शामिल है।
- इसका लक्ष्य 1000 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करना और सालाना 1000 मिलियन टन $CO_2$ का शमन करना है।
- इसकी अवधारणा 2015 में पेरिस में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के लिए पार्टियों के 21वें सम्मेलन (COP-21) के दौरान की गई थी।
- इसका मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है।



## यूनियन कार्बाइड प्लांट

- राजधानी भोपाल में बड़ा हादसा हुआ है, यहां यूनियन कार्बाइड कारखाने में भीषण आग गई।
- जिससे फैक्ट्री के कारखाने में पुरानी मशीन, प्लास्टिक और कागज का सामान मौजूद था।
- भोपाल की इसी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में 2 दिसंबर 1984 को गैस लीक होने से बड़ी जनहानि हुई थी।
- यह वही कारखाना है जिसे वर्ष 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के बाद बंद कर दिया गया था।

### भोपाल गैस त्रासदी ;-

- भोपाल गैस त्रासदी इतिहास में सबसे गंभीर औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक थी जो 2-3 दिसंबर, 1984 की रात भोपाल, मध्य प्रदेश में यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (**Union Carbide India Limited - UCIL**) कीटनाशक संयंत्र में हुई थी।
- इसने लोगों और पशुओं को अत्यधिक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (**Methyl Isocyanate - MIC**) के संपर्क में ला दिया जिससे तत्काल मौतें तथा दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव देखे गए।
- गैस रिसाव का सटीक कारण अभी भी कॉर्पोरेट की लापरवाही या कर्मचारियों की अनदेखी के बीच विवादित बना हुआ है।
- परिणामस्वरूप भारत में आपदा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अनेक कानून पारित किये गए।
  - भोपाल गैस रिसाव आपदा (दावों का प्रसंस्करण) अधिनियम, 1985
  - पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986
  - सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991
  - परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010



## डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में भारत ने और किस देश की सेनाएं संयुक्त अभ्यास शक्ति में भाग ले रहीं हैं ?

( अ ) अमेरिका ( ब ) फ्रांस

( स ) जर्मनी ( द ) जापान

उत्तर-फ्रांस

2. हाल ही में जारी वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में कौन शीर्ष पर रहा है ?

( अ ) अमेरिका ( ब ) फ्रांस

( स ) जर्मनी ( द ) जापान

उत्तर-अमेरिका

3. यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2024 में भारत का कौन सा स्थान है?

( अ ) 30वाँ ( ब ) 33वाँ

( स ) 36वाँ ( द ) 38वाँ

उत्तर-36वां

4. हाल ही में किसने उत्तर भारत में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य प्रभावों पर एक अनुसंधान रिपोर्ट पेश की है ?

( अ ) IIT कानपुर ( ब ) IIT जयपुर

( स ) IIT दिल्ली ( द ) IIT इंदौर

उत्तर-IIT जयपुर

5. वित्त वर्ष 2024 में बिजनेस ग्रोथ में PSU बैंकों में पहले स्थान पर कौन रहा है?

( अ ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

( ब ) पंजाब नेशनल बैंक

( स ) बैंक आफ महाराष्ट्र

( द ) बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर-बैंक आफ महाराष्ट्र

6. हाल ही में किस देश ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है?

( अ ) स्पेन ( ब ) आयरलैंड

( स ) नॉर्वे ( द ) उपरोक्त सभी

उत्तर-उपरोक्त सभी

7. आर्तारा 24 ललित कला प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया गया है?

( अ ) दुबई ( ब ) लंदन

( स ) पेरिस ( द ) बीजिंग

उत्तर-दुबई

8. हाल ही में शील नागू किस राज्य के हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने हैं?

( अ ) मध्य प्रदेश ( ब ) छत्तीसगढ़

( स ) राजस्थान ( द ) उत्तर प्रदेश

उत्तर-मध्य प्रदेश

**9. कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में पियरे एंजनीक्स एक्सेललेंस पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**

( अ ) चंद्रकांत सतीजा

( ब ) डॉ. सौम्या स्वामीनाथन

( स ) रस्किन बॉन्ड

( द ) संतोष सिवन

उत्तर–संतोष सिवन

**10. विश्व पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में भारत की दीप्ति जीवनजी ने कौन-सा पदक जीता?**

( अ ) स्वर्ण ( ब ) रजत

( स ) कांस्य ( द ) कोई नहीं

उत्तर–स्वर्ण